रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17112022-240373
CG-DL-E-17112022-240373

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 587] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 17, 2022/कार्तिक 26, 1944
No. 587] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 17, 2022/KARTIKA 26, 1944

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 नवम्बर, 2022

मि.सं. 18-12/2022-बी.यू.एस.एस सोवा-रिग्पा - स्नातक शिक्षा हेतु न्यूनतम मानक (सोवा-रिग्पा यू जी एम एस ई).—भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) की धारा 55 की उप धारा (2) द्वारा प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एवं भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद द्वारा निर्धारित (सोवा-रिग्पा स्नातक चिकित्सा शिक्षा हेतु न्यूनतम मानक) विनियमन, 2017 में किसी प्रकार के अधिक्रमण (अनुचित उपयोग) से पहले तथा छुट गए कार्यों के लिए, आयोग निम्नलिखित विनियमों का निर्माण करती है, अर्थात्:-

1. प्रारंभ एवं संक्षिप्त शीर्षक - (1) इन विनियमों को **भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय सोवा-रिग्पा शिक्षा का न्यूनतम मानक) विनियम, 2022** कहा जायेगा ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी होगे ।

2. परिभाषाएँ :- (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ के अतिरिक्त अन्य आवश्यकता या अपेक्षा न हो ।

(i) "अधिनियम"- का अर्थ भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) अभिप्रेत है।

(ii) "अनुलग्नक" का अर्थ इन अधिनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र ।

(2) यहां प्रयुक्त (शब्द- वाक्य) को परिभाषित नहीं किया गया लेकिन अधिनियम में प्रयोग किये परिभाषित शब्दों और वाक्यों का वही अर्थ होगा जो उन्हें अधिनियम में दिया गया है।

3. बैचलर ऑफ सोवा-रिग्पा मेडिसिन एंड सर्जरी प्रोग्राम- बी.एस.आर.एम.एस. (सोवा-रिग्पा औषधी एवं शल्य स्नातक कार्यक्रम)- बैचलर ऑफ सोवा-रिग्पा एजुकेशन(सोवा-रिग्पा में स्नातक शिक्षा) सोवा-रिग्पा स्नातक स्तरीय कार्यक्रम में (चिकित्सा विज्ञान) के गहन ज्ञान के साथ ही समकालीन (चिकित्सा पद्धति) का ज्ञान प्रदान किया जायेगा । स्वास्थ्य सेवा को प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों को एक कुशल चिकित्सक और सर्जन(शल्य-शालाक्य) के रूप में स्थापित करने हेतु उन्हें व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी प्रगति के ज्ञान से अवगत कराया जायेगा ।

4. प्रवेश के लिए योग्यता - (1) सोवा-रिग्पा में स्नातक शिक्षा (सोवा-रिग्पा औषधी एवं शल्य स्नातक कार्यक्रम) में प्रवेश लेने की योग्यता निम्नानुसार होगी: -

(ए) (i) प्रवेशार्थी को संबंधित राज्य सरकार या केंद्र सरकार के शिक्षा बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय से 10 + 2 विज्ञान में (भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान) विषय के साथ न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक उत्तीर्ण होना चाहिए या किसी राज्य में अन्य धाराओ में मान्यता प्राप्त 10 + 2 सामन्य वर्ग में न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए चालीस प्रतिशत होना अनिवार्य होगा ।

(ii) राज्य सरकार या केंद्र सरकार के शिक्षा बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त भोटी भाषा, बौद्ध दर्शन और तर्क शास्त्र के साथ 10+2 या समकक्ष योग्यता प्राप्त प्रवेशार्थी सामन्य वर्ग पचास प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए चालीस प्रतिशत अनिवार्य होगा । या

(iii) विदेशी उम्मीदवार के लिए किसी भी विश्वविद्यालय या केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित समकक्ष योग्यता ।

(बी) प्रवेशार्थी को बी.एस.आर.एम.एस. (स्नातक कार्यक्रम के पहले वर्ष) तब तक प्रवेश की अनुमती नहीं दी जायेगी जब तक वह कार्यक्रम में पहले वर्ष में अपने प्रवेश के वर्ष के 31 दिसंबर को या उससे पहले सत्रह वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता है।

(2) राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा: - (ए) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में स्नातक स्तर में प्रवेश हेतु सभी सोवा-रिग्पा चिकित्सा संस्थानों के लिए "भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग एक राष्ट्रीय स्तर पर सोवा रिग्पा पात्रता- प्रवेश परीक्षा (एन.सी.आई.एस.एम. -एन.ई.ई.टी एस.आर यूजी) आयोजित करेगी । जिसका आयोजन भारतीय चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय आयोग द्वारा नामित एक प्राधिकरण या संस्थान या एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

(बी) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित सोवा-रिग्पा राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा में: (एन.सी.आई.एस.एम.-एन.ई.ई.टी एस.आर यूजी) सामन्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अंक चालीस प्रतिशत होंगे।

(3) योग्य उम्मीदवारों का चयन सोवा-रिग्पा के लिए आयोजित की गई सोवा-रिग्पा राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा, एन.सी.आई.एस.एम.-एन.ई.ई.टी एस.आर यूजी परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा तैयार की योग्यता सूची से स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विचार किया जाएगा।

(4) सोवा- रिग्पा औषध एवं शल्य स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की सुविधा प्रदान की जायेगी जिसके लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा सोवा-रिग्पा एक केन्द्रीय काउंसलिंग समीति (एस.आर.सी.सी.) का किया गठन जाएगा जो प्रवेश हेतु राज्य अनुसार आरक्षण नीति आदि के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित करेगी ।

(5) (i) उपर्युक्त नियम के अतिरिक्त अन्य किसी को भी सीधे प्रवेश की अनुमती नहीं दी जायेगी।

(ii) समस्त संस्थान को निर्देशित किया जाता है कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में प्रवेश दिए गए छात्रों की सूची कट-ऑफ की (अंक तालिका मानक) निर्धारित दिनांक पर शाम 6 बजे या उससे पहले सूचित या प्रस्तुत करें। प्रवेश के, सत्यापन हेतु समय-समय पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रेषित दिशा-निर्देशों को पालन सुनिश्चित करना होगा ।

(iii) प्रवेश प्राप्त छात्रों की अनुमोदित सूची के सत्यापन के बाद प्रत्येक छात्र या छात्रा को विशिष्ट आयुष आई.डी. आवंटित की जाएगी जो उन्हें भविष्य में समस्त शैक्षिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए पहचान संख्या होगी।

(iv) विश्वविद्यालय उन सभी उम्मीदवारों को प्रवेश देना होगा जिन्हें काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया गया है।

(6) कोई भी प्रवेशार्थी जो निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त करने में असफल रहा है, उसे वर्तमान शैक्षणिक सत्र के स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(7) किसी भी उम्मीदवार को, जो इस विनियम के तहत न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त करने में विफल रहा है, उसे उक्त शैक्षणिक वर्ष में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(8) प्रवेश के संबंध में इन विनियमों में निर्धारित मानदंड या प्रक्रिया का उल्लंघन होने पर कोई भी प्राधिकरण या संस्थान किसी भी उम्मीदवार को स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश नहीं देगा और उक्त मानदंड या प्रक्रिया के उल्लंघन में किए गए किसी भी प्रवेश को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

5. बी.एस.आर.एम.एस. पाठ्यक्रम कार्यक्रम की अवधि:- बी.एस.आर.एम.एस पाठ्यक्रम की अवधि निम्नलिखित तालिका के अनुसार 5 वर्ष और 6 माह की होगी। अर्थात्:-

तालिका – 1

बी.एस.आर.एम.एस पाठ्यक्रम की अवधि

क्रमांक	बी.एस.आर.एम.एस पाठ्यक्रम	अवधि
(ए)	प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस	अठारह महीने
(बी)	द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस	अठारह महीने
(सी)	तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस	अठारह महीने
(डी)	अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश	बारह महीने

6. प्रदान की जाने वाली उपाधि - उम्मीदवार को सभी परीक्षाओं को पास करना तथा निर्धारित अवधि में विस्तारित अध्ययन के निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने बारह महीने की अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश करने के बाद **मेनपा कचुपा (बैचलर ऑफ सोवा-रिग्वा मेडिसिन एंड सर्जरी- बी.एस.आर.एम.एस.)** उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

7. शिक्षा का माध्यम - शिक्षा का माध्यम भोटी भाषा होगी।

8. अध्ययन का स्वरुप - (1) बी.एस.आर.एम.एस. पाठ्यक्रम में मुख्य विषय एवं ऐच्छिक विषय दोनों शामिल होंगे। अध्ययन का स्वरुप निम्नलिखित होगा। अर्थात् :-

(ए) (i) (ए) प्रवेश के बाद छात्र को बी.एस.आर.एम.एस. छात्रो को कम से कम पंद्रह दिवसीय आरम्भिक प्रेरक पाठ्यक्रम जो सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली से परिचित कराने तथा बी.एस.आर.एम.एस पाठ्यक्रम को समझाने हेतु आयोजित किया जायेगा ताकी वह आगामी अगले साढ़े चार साल जिस विषय का अध्ययन करने जा रहा है उससे अवगत हो सके तथा उसके बाद वह बारह महीने के प्रशीक्षण कार्यक्रम को पूर्ण कर सके।

(बी) प्रस्तावना कार्यक्रम के समय, सोवा-रिग्पा के छात्र को निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा अन्य विषयों के साथ भोटी भाषा, बौद्ध दर्शन और तर्कशास्त्र, जीवन मूल्य की बुनियाद तथा प्राथमिक चिकित्सा के विषय से परिचित कराया जायेगा

(सी) प्रस्तावना कार्यक्रम पंद्रह दिनों का होगा जो 90 घंटे से कम का नहीं होगा तथा प्रतिदिन दिन 6 घंटे का हो सकता है।भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग समय-समय पर इस परिवर्तनीय पाठ्यक्रम को निर्देशित करेगा।

(ii) प्रत्येक व्यावसायिक कार्य दिवस तीन सौ बीस दिनों (320 दिनों) से कम नहीं होंगे।

(iii) (ए) प्रथम व्यावसायिक सत्र कुल तीन सौ पांच दिनों (305 दिनों) से कम नहीं होंगे, जिसमें प्रस्तावना कार्यक्रम के पंद्रह दिन (15 दिन) शामिल नहीं होगे।

(बी) प्रथम व्यावसायिक सत्र के लिए कुल 1920 शिक्षण घंटे अनिवार्य होगे (इससे कम नहीं होगे) व्याख्यान और गैर व्याख्यान शिक्षण के समय का अनुपात 1:2 होगा।

(iv) (ए) द्वितीय व्यावसायिक सत्र के लिए कुल 2240 शिक्षण घंटे अनिवार्य होगे (इससे कम नहीं होगे) व्याख्यान और गैर व्याख्यान शिक्षण के समय का अनुपात 1:2 होगा।

(बी) द्वितीय व्यावसायिक सत्र के दौरान शिक्षण अस्पताल के बहिरंग विभाग (ओ.पी. डी) या अन्तरंग विभाग (आई.पी.डी.) या प्रयोगशाला या औषधि निर्माण शाला या औषधालय में सुबह के समय प्रतिदिन कम से कम एक घंटे की नैदानिक कक्षाएं संचालित की जाएंगी जिससे छात्र संबंधित गतिविधियों से परिचित हो सके।

(v) तृतीय व्यावसायिक सत्र के लिए कुल शिक्षण घंटे 2240 से कम नहीं होंगे तीसरे (अंतिम) व्यावसायिक सत्र में सुबह के समय संलग्न शिक्षण अस्पताल में तीन घंटे की नैदानिक कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। व्याख्यान और गैर व्याख्यान शिक्षण के समय का अनुपात 1:2 होगा।

(vi) शिक्षण हेतु निर्धारित अवधि को विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा आवश्यकता के अनुसार आवश्यक गतिविधियो को पूरा करने के लिए कार्य का समय बढाया जा सकता है ।

स्पष्टीकरण – इस विनियम के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति "व्याख्यान" का अर्थ है उपदेशात्मक शिक्षण अर्थात, कक्षा में शिक्षण और अभिव्यक्ति "गैर-व्याख्यान" में व्यावहारिक / नैदानिक और प्रदर्शनकारी शिक्षण शामिल हैं इस प्रकार के शिक्षण पद्धति में विद्यार्थियों के साथ समतुल्य रूप से जुड़ कर सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक शिक्षा को शामिल करते है । (जैसे सोवा-रिग्पा ज्योतिषय ज्ञान, मौखिक पाठ या छोटे समूह आधारित विषय चर्चा, संगोष्ठी या समूह चर्चा, अध्ययन आधारित लिखित प्रस्तुती, पारंपरिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, प्रदर्शनी तथा वीडियो पाठ औषधि निर्माण सम्बंधित प्रशिक्षण प्रयोगशाला प्रशिक्षण या आस-पास के क्षेत्र का अवलोकन प्रेरणा प्रद कौशल विकास आधारित शिक्षा, एकीकृत शिक्षा, समस्या आधारित शिक्षा, प्रश्न आधारित शिक्षा, परियोजना आधारित शिक्षा, रोगी आधारित शिक्षा या प्रारंभिक नैदानिक प्रक्रिया का ज्ञान या प्रमाण आधारित प्रशीक्षण या अंतर विषयी शिक्षा या सहजता के साथ शिक्षा या अन्य विषयों के मिश्रित शिक्षा या वाद-विवाद आदि के माध्यम से विषय की आवश्यकता के अनुसार गैर-व्याख्यान वाले नैदानिक या व्यावहारिक ज्ञान हेतु सत्तर प्रतिशत तथा प्रदर्शनात्मक गतिविधियों हेतु तीस प्रतिशत का समय निर्धारित करना चाहिए ।

(vii) सभी कक्षा के विद्यार्थियों को नियमित समय सारणी आवंटित कर प्रति सप्ताह पुस्तकालय एवं शारीरिक शिक्षा के लिए कम से कम एक घंटा, तथा प्रति माह एक घंटा मनोरंजन हेतु जिसमे प्रतिभा उन्मुखीकरण पाठ्येतर गतिविधियों करना होगा।

(बी) प्रथम व्यावसायिक सत्र सामान्यत: अक्टूबर के महीने में शुरू होगा और समय-समय पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समयानुसार निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषय को पढ़ाया जाएगा । यथा : -

तालिका -2

प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. के लिए विषय या पाठ्यक्रम

क्रमांक	विषयो का नाम		
	विषय कोड	**विषय**	समतुल्य शब्द
1	एसआरयू जी एल टी	सोरिग-लोगुय्स-दंग-शि-चई- तढूब	इतिहास एवं मौलिक सिद्धान्त
2	एसआरयूजी-जी एल	डूपा-लूस	मानव शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान
3	एसआरयू जी एन टी -I	नद-तग- थब्स -१	सोवा-रिग्पा-निदान (भाग -I)
4	एसआरयू जी-टी एन	थमल- नद- मेद	रोग प्रतिरोध विज्ञान सार्वजनिक स्वास्थ एवं योग विज्ञान
5	एसआरयू जी एॅम जेड-I	स्मन -ज़स -I	औषधि विवरण भाग - 1)
6	एसआरयू जी के वाई	स्कद-यिग	भोटी भाषा
7	एसआरयू जी के टी	सो-चेत-चिरिग	सोवा-रिग्पा चिकित्सा ज्योतिष
8	-	लो-ग्युक्स	मौखिक परीक्षा *
9	-	च-ग्युद-यंग-ना-शेद-ग्युद डोंगडेम्स	अवधारणा चित्रण -I या II **
10	वैकल्पिक (कम से कम तीन) विषय		

* शिक्षण घंटों के अतिरिक्त त्सवा को याद कर सस्वर पाठ करना

** छात्रों को किसी एक भाग-I या II के संप्रत्य तथा मानचित्र की अवधारणा को व्यक्तिगत स्तर पर समग्र रूप से सही ढंग से समझना आवश्यक है। यह गैर-व्याख्यान के अंतर्गत होगा।

(सी)द्वितीय व्यावसायिक सत्र सामान्यत: प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के पूरा होने के बाद अप्रैल के महीने से शुरू होगा । भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समयानुसार निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषयों को पढ़ाया जाएगा । यथा : -

तालिका -3

द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. के लिए विषय या पाठ्यक्रम

क्रमांक	विषयों का नाम		
	विषय कोड	**विषय**	**समतुल्य शब्द**
1	एसआरयूजी एँम जेड -II	स्मन-ज़स -II	औषध विवरणी (भाग -II)
2	एसआरयू जी एँमबी	शि-जेद- स्मन -जर-थब्स	सोवा-रिग्पा औषध विज्ञान एवं भैषज्य
3	एसआरयू जी एन टी II	डो-सुंग–तग-II	सोवा-रिग्पा निदान (भाग-II)
4	एसआरयू जी एस टी	सो-झेद-थब्स	सोवा-रिग्पा चिकित्सा सिद्धान्त
5	एसआरयू जी टी पी	छद-पा-सोवा	ज्वर एवं संक्रामक रोगों का प्रबंधन
6	एसआरयू जी -एल डी	लुस-स्तोत -दंग- दोंन- स्रोत-सोवा	सिर, गर्दन, वक्ष और उदर विकारों का प्रबंधन
7	एसआरयू जी -टी एस	थोर-नद-दंग-संग-नेद-सोवा	अवर्गीकृत और प्रजनन विकारों का प्रबंधन
8	-	लो-ग्युक्स	मौखिक परीक्षा
9	-	मन- ग्ग-ग्युद-डोंगडेम्स	अवधारणा चित्रण -III **
10	वैकल्पिक (कम से कम तीन) विषय		

* शिक्षण घंटों के अतिरिक्त त्सवा को याद कर सस्वर पाठ करना

** छात्रों को संप्रत्य तथा मानचित्र की अवधारणा को व्यक्तिगत स्तर पर समग्र रूप से सही ढंग से समझना आवश्यक है। यह गैर-व्याख्यान के अंतर्गत होगा।

(डी) तृतीय व्यावसायिक सत्र सामान्यत: द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के पूरा होने के बाद अक्टूबर के महीने से शुरू होगा। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समयानुसार निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषयों को पढ़ाया जाएगा । यथा: -

तालिका -4

तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. के लिए विषय या पाठ्यक्रम

क्रमांक	विषयों का नाम		
	विषय संकेतांक	**विषय**	**समतुल्य शब्द**
1	एसआरयूजी- एँम एस	मा -सोवा	आतंरिक एवं बाहरी घावो का आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन
2	एसआरयूजी- डी सी	चय्द-की-चोस-थब्स	बाह्य चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा
3	एसआरयूजी- एल एन	जोङ-झेद-लेस-ङ	पञ्च चिकित्सा प्रक्रियाये
4	एसआरयूजी- बी एस	झी-नद-सोवा	बाल रोग और नवजात देखभाल
5	एसआरयूजी- एँम ओ	मो-नद-सोवा	प्रसूति एवं स्त्री रोग
6	एसआरयूजी- डी ओ	धोंन–नद-सोवा	चिकित्सा मनोविज्ञान और मनश्चिकित्सा
7	एसआरयूजी- डी एन	धुग-नद-सोवा	चिकित्सा न्यायशास्त्र और विष चिकत्सा ज्ञान

8	एसआरयूजी- जेड डी	शिब-जुग-थब्स-लम्ब-दंग-दूर-चिस	अनुसंधान पद्धति और चिकित्सा सांख्यिकी
9	-	लो-ग्युक्स	मौखिक परीक्षा
10	-	छिमा-ग्युद-डोंग-डेम्स	अवधारणा चित्रण -IV **
11	वैकल्पिक (कम से कम तीन) विषय		

* शिक्षण घंटों के अतिरिक्त त्सवा को याद कर सस्वर पाठ करना

** छात्रों को संप्रत्य तथा मानचित्र की अवधारणा को व्यक्तिगत स्तर पर समग्र रूप से सही ढंग से समझना आवश्यक है। यह गैर-व्याख्यान के अंतर्गत होगा।

(ई) विश्वविद्यालय; संस्थान और कॉलेज अनुलग्नक - 1 में इन विनियमों में प्रदान किए गए अस्थायी शैक्षणिक कैलेंडर के नमूने के अनुसार उस विशेष बैच का एक अकादमिक कैलेंडर तैयार करेंगे और इसे छात्रों को परिचालित किया जाएगा और संबंधित वेबसाइटों में उपयोग के लिए उपलब्ध किया जाएगा और तदनुसार पालन किया जाएगा।

(एफ) बी.एस.आर.एम.एस. पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय और विभाग सम्मिलित होंगे, यथा :-

तालिका-5

विभाग और विषय

क्रमांक	विभाग	विषय
1.	*लोगुय्स दंग शिसई तदुप* विभाग (सोवा-रिग्पा का इतिहास और मौलिक सिद्धांत)	1. *सोरिग लोगुय्स धंग शिसई तदुप* (सोवा-रिग्पा का इतिहास और मौलिक सिद्धांत) 2. *स्कद-यिग* (भोटी) 3. *सो-चेत- चिरिग* (सोवा-रिग्पा चिकित्सा ज्योतिष)
2.	*डूपा लूस* विभाग (मानव शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञान)	*डूपा लूस* (मानव शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञान)
3.	*मेंज़स -दंग-स्मन-जोर* विभाग औषधि विवरणी औषध शास्त्र एवं भैषज्य विभाग)	1. *मेंज़स -I* (औषधि विवरणी भाग-I) 2. *मेंज़स -II* (औषधि विवरणी भाग -II) 3. *शि-जेद-स्मन-गी जर-थब्स* (सोवा-रिग्पा औषध शास्त्र एवं भैषज्य
4.	*थमल- नद- मेद-दंग-तग- थब्स* विभाग) रोग प्रतिरोध एवं सोवा -रिग्पा निदान डो-सुंग -	1. *थमल- नद- मेद* (रोग प्रतिरोध सिद्धान्त, सार्वजनिक स्वास्थ एवं सोवा-रिग्पा, योग विज्ञान) 2. *नद-तग-थब्स -I* (सोवा-रिग्पा निदान भाग - I) 3. *डो-सुंग - तक -II* (सोवा-रिग्पा निदान भाग -II) 4. *सो-झेद-थब्स* (सोवा-रिग्पा चिकित्सकीय सिद्धान्त)
5.	*चय्द- जोड* विभाग (बाह्य चिकित्सा एवं शल्य)	1.*जोड- झेद-लेस-ड* (पश्च चिकित्सा प्रक्रियाएं) 2. *चय्द-की-चोस-थब्स* (बाह्य चिकित्सा एवं शल्य)
6.	*लुस- नद- सोवा* विभाग (सामान्य औषध / काय चिकित्सा)	1. *छद-पा-सोवा* (ज्वर एवं संक्रामक रोगों का प्रबंधन) 2. *लुसस्तोत-दंग- दोंन-स्तोत-सोवा* (सिर, गर्दन, वक्ष और उदर विकारों का प्रबंधन) 3. *थोर-नद-धंग- संग-नेद-सोवा* (अवर्गीकृत और प्रजनन विकारों का प्रबंधन) 4. मा- *सोवा* (आतंरिक एवं बाहरी घावो का आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन)
7.	*झी-नद- दंग- मोनद सोवा* विभाग (बाल रोग और नवजात देखभाल)	1. *झी-नद-सोवा* (बाल रोग और नवजात देखभाल) 2. *मोनद सोवा* (प्रसूति एवं स्त्री रोग)

8.	*धोंन– नद दंग धुग-नद-सोवा* विभाग (चिकित्सा मनोविज्ञान एवं विष विज्ञान)	1. *धोंन– नद सोवा* (चिकित्सा मनोविज्ञान और मनश्चिकित्सा) 2. *धुग-नद-सोवा* (चिकित्सा न्यायशास्त्र और विष चिकत्सा ज्ञान) 3. *शिब-जुग-थब्स-लम्ब- दंग - दूरचिस* (अनुसंधान पद्धति और चिकित्सा सांख्यिकी)

(जी) ऐच्छिक:- (i) सोवा-रिग्पा के पाठ्यक्रम में छात्रों को उनसे सम्बंधित विविध विषयों के प्रति रूचि रुझान पैदा करने तथा उससे परिचित कराने हेतु बी.एस.आर.एम.एस के विद्यार्थियों को वैकल्पिक ज्ञान आवश्यक है ताकी उनकी समझ में एक बहु विषयी ज्ञान का अनुशासनात्मक दृष्टि कोण स्थापित हो सके ।

(ii) ऐच्छिक विषयों का पाठ्यक्रम ऑनलाइन भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित किया जाएगा

(iii) प्रत्येक वैकल्पिक विषय पैंतालीस घंटे की अवधि का होगा जो पांच भागो में विभाजित होगा प्रत्येक सत्र नौ घंटे अर्थात पांच घंटे का शिक्षण, दो घंटे का मार्ग दर्शन आधारित शिक्षा जो विशेषज्ञ से वार्ता प्रतिवर्तन (गहन चिंतन) तथा मूल्यांकन के लिए एक घंटा आवंटित होगा इस प्रकार कुल मिलाकर प्रत्येक वैकल्पिक विषय के लिए पच्चीस घंटे होगे । इस प्रकार, दस घंटे मार्ग दर्शन, पांच घंटे की विशेषज्ञ वार्ता, तथा पांच घंटे मूल्यांकन के लिए निर्धारित होगा (प्रत्येक 1 घंटे के 5 आंकलन होंगे।)

स्पष्टीकरण:- प्रस्तुत अधिनियम में, "शिक्षण" का अर्थ है तकनीकी आधारित ज्ञान प्रेषण वीडियो व्याख्यान, पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण, ऑडियो व्याख्यान, वीडियो क्लिपिंग, ऑडियो क्लिपिंग, आदि।

(iv) इन विनियमों के अंतर्गत ऐच्छिक के अध्ययन के घंटे बी.एस.आर.एम.एस. के निर्धारित शिक्षण घंटों से अधिक हैं।

(एच) नैदानिक प्रशिक्षण: - छात्रों को नैदानिक ज्ञान प्रशिक्षण प्रदर्शन प्रथम व्यावसायिक सत्र से ही आरम्भ होगा । उल्लिखित निम्नलिखित तालिका के अनुसार, यथा: -

तालिका -6

नैदानिक प्रशिक्षण अवधि

व्यावसायिक सत्र	नैदानिक प्रशिक्षण अवधि
प्रथम	विषय या विषय से संबंधित नैदानिक प्रशिक्षण संबंधित शिक्षण संकाय/विभाग द्वारा गैर-व्याख्यान घंटों में (व्यावहारिक और प्रदर्शनात्मक शिक्षण के अलावा) विषय की आवश्यकता के अनुसार प्रदान किया जाएगा।
द्वितीय	सुबह के सत्र के दौरान बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) या अंतरंग रोगी विभाग (आईपीडी) में प्रतिदिन एक घंटे का नैदानिक प्रशिक्षण
तृतीय (अंतिम)	सुबह के सत्र के दौरान बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) या अंतरंग रोगी विभाग (आईपीडी) में प्रतिदिन तीन घंटे का नैदानिक प्रशिक्षण

9. भारतीय चिकित्सा पद्धति (एसएमएएसटीडी-आईएसएम) में आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के पूरक के लिए कार्यप्रणाली. -

(1) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 के लिए राष्ट्रीय आयोग की धारा 2 की उपधारा (एच) के तहत सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली (एसएमएएसटीडी-आईएसएम) में आधुनिक विकास, वैज्ञानिक तकनीकी, नैदानिक उपकरणों को कैसे अपनी पद्धति के अनुरूप प्रयोग किया जाये उसकी कार्यप्रणाली खोजने समझने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जायेगा जो निम्नानुसार उभरते क्षेत्रो को अपने समेटेगा :-

(i) ऐसे सभी विषयों को इसमें शामिल करेगे जिनमे नवीन अनुसन्धान एवं नव विकास की संभावना हो यथा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, औषधीय वनस्पति विज्ञान और भैषज्य विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, आणविक जीव विज्ञान, प्रतिरक्षण विज्ञान आदि ।

(ii) नैदानिक उत्कर्ष

(iii) चिकित्सीय तकनीक

(iv) शल्य शालाक्य तकनीक या प्रौद्योगिकी

(v) औषध तकनीकी के साथ गुणवत्ता और मानकीकरण आदि प्रौद्योगिकी को विकसित करना ।

(vi) शिक्षण, प्रशिक्षण की पद्धति एवं प्रौद्योगिकी

(vii) अनुसंधान पद्धति मापदंड, मापन एवं उपकरण आदि;

(viii) तकनीकी प्रगति हेतु विभिन्न प्रकार के यंत्रो का प्रयोग करना यथा, स्वचालन, सॉफ्टवेयर (क्रमानुदेश), कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटलीकरण (अंकीकरण), प्रलेखन आदि ।

(ix) जैव चिकित्सा प्रगति

(x) चिकित्सकीय उपकरण

(xi) सोवा-रिग्पा पद्धति के मानकीकरण एवं अनुसंधान विकास, शिक्षण, जांच, निदान, उपचार, प्रलेखन, प्रद्योगिकी आदि को समझने हेतु जो भी उपयोगी विधि हो उसे अपनाना ।

(2) अधिनियम 8 के उप अधिनियम (1) के खंड (एफ) में निर्दिष्ट निर्देश के अनुसार यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा परिषद् सोवा-रिग्पा के लिए विशेषज्ञ समिति बनाएगा, जो एक साथ दो कार्यक्षेत्रों शिक्षा और अनुसंधान में कैसे आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति हेतु तकनीकी को समावेशित कर विकास का अनुकूल परिस्थियों का निर्माण किया जा सके तथा आवश्यकतानुसार इसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सके

(3) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग सोवा-रिग्पा के लिए एक बहु-विकल्पी मूलभूत समिति होगी जो विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों प्रस्तावों (आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी) की उपयोगिता के उद्देश्य की जांच -परख कर पाठ्यक्रम में शामिल करने की संस्तुति हेतु विचार करेगी ।

(4) एक बार जब कोर कमेटी विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को अनुमोदित कर देती है, तो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग यूनानी, सिद्धा सोवा-रिग्पा बोर्ड को निर्देश देगा कि वे विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्दिष्ट स्नातक या स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करें।

(5) आधुनिक विकसित वैज्ञानिक अनुमोदन को सोवा-रिग्पा के सिद्धांतों पर परखने के बाद ही शामिल किया जायेगा ।

(6) आधुनिक विकसित वैज्ञानिक अनुमोदन को पांच साल बाद पाठ्यक्रम में शामिल कर सोवा-रिग्पा का एक हिस्सा माना जाएगा ।

(7) यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा परिषद् के अध्यक्ष, ही सोवा-रिग्पा विशेषज्ञ समिति और मूलभूत (वास्तविक) समिति अध्यक्ष होंगे।

(8) सोवा-रिग्पा विशेषज्ञ समिति और मूलभूत समिति का कार्यकाल उनके गठन के दिनांक से से तीन वर्ष के लिए होगा।

(9) सोवा-रिग्पा में आधुनिक ज्ञान सिर्फ 40 प्रतिशत ही शामिल किया जायेगा ताकी उसकी वास्तविकता,अखंडता अद्वितीय मूल ज्ञान या उसकी आत्मा से कोई समझौता न होने पाए ।

10. परीक्षा - (ए) (i) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा आमतौर पर सामान्यतः पहले व्यावसायिक सत्र के समापन तक आयोजित की जाएगी।

(ii) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को द्वितीय व्यावसायिक सत्र में शर्तो के साथ द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी ।

(iii) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को किसी भी शर्त पर द्वितीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी प्रत्येक छह महीने में प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

(बी) (i) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा सामान्यत: सत्र के अंत तक आयोजित कर संपन्न कर ली जाएगी ;

(ii) द्वितीय व्यावसायिक के एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को शर्तों के साथ तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी ।

(iii) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को किसी भी शर्त पर तृतीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, प्रत्येक छह महीने में द्वितीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

(सी) (i) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा सामान्यत: तीसरे सत्र के अंत तक आयोजित कर संपन्न कर ली जाएगी ;

(ii) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा में बैठने से पूर्व, छात्रों को प्रथम और द्वितीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सभी नौ ऐच्छिक विषयों को उत्तीर्ण करना होगा ।

(iii) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक की अनुवर्ती पूरक परीक्षा प्रत्येक छह माह में आयोजित की जाएगी।

(डी) (जो छात्र किन्ही कारण से अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर सके) उनके लिए अलग कक्षा नहीं होगी उन्हें नियमित कक्षा में उपस्थित होना होगा या अपने से अवर छात्र समूह की कक्षा में उपस्थित होना होगा।

(ई) अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, प्रवेश की तारीख से अधिकतम 10 वर्षों की अवधि के भीतर सभी 3 व्यावसायिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होगी और 9 ऐच्छिक में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

(एफ) सैद्धांतिक परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) के लिए 20% अंक, लघु उत्तरीय प्रश्नों (एसएक्यू) के लिए 40% अंक और दीर्घ व्याख्यात्मक उत्तर प्रश्नों (एलएक्यू) के लिए 40% अंक होंगे और ये प्रश्न उस विषय के पूर्ण पाठ्यक्रम को कवर करेंगे।

(जी) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक सैद्धांतिक भाग में 50% और प्रेक्टिकल भाग में 50% (जिसमें प्रेक्टिकल और नैदानिक, मौखिक, आंतरिक मूल्यांकन और ऐच्छिक जहां भी लागू हो) प्रत्येक विषय में अलग से। मौखिक परीक्षा (त्सवा स्मृति और पाठन में) उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 65% आवश्यक है।

(एच) ऐच्छिक विषयों का मूल्यांकन: - ऐच्छिक का मूल्यांकन उपस्थिति और एससेसमेंट के संदर्भ में किया जाएगा और मूल्यांकन के आधार पर, छात्र को क्रेडिट के साथ-साथ ग्रेड भी दिए जाएंगे-

(i) एक छात्र प्रत्येक ऐच्छिक विषय के लिए अधिकतम 5 आभार अंक (क्रेडिट) अर्जित कर सकता है और प्रमाणीय (मॉड्यूल) मॉड्यूलर कार्यक्रम में न्यूनतम 5 घंटे भाग लेने पर 1 आभार अंक प्रदान किया जाएगा ।

(ii) मूल्यांकन प्रत्येक (मापांक) मॉड्यूल के अंत में अंकित किया जाएगा जो औसतन 5 प्रमापीय पर आधारित होगी ।

श्रेणी का निर्धारण सभी 5 मापदंडो के आधार पर किया जायेगा । कांस्य: <25 प्रतिशत। चांदी : 26-50 प्रतिशत सोना: 51-75 प्रतिशत। प्लेटिनम : 76 प्रतिशत से अधिक ।

(iii) ऐच्छिक विषय की संरचना निम्न तालिका के अनुसार: -

तालिका -7

ऐच्छिक विषय की संरचना

प्रत्येक ऐच्छिक विषय : 5 पांच मापदंड प्रत्येक नौ घंटे (5x9=45)					
क्रमांक	**अवयव**	**अवधि (घंटे)**		**आभार**	**श्रेणी**
		मापदंड	**ऐच्छिक**	1 आभार अंक कम से कम 5 घंटे मापनीय पाठ्यक्रम में शामिल होने पर (अर्थात अधिकतम 5 आभार अंक)	श्रेणी का निर्धारण सभी 5 मापदंडो के औसत के आधार पर किया जायेगा । कांस्य: <25 प्रतिशत। चांदी : 26-50 प्रतिशत सोना: 51-75 प्रतिशत। प्लेटिनम : 76 प्रतिशत से अधिक ।
1	शिक्षण	5	25		
2	मार्ग दर्शन आधारित शिक्षण	2	10		
3	विशेषज्ञ अंत:क्रिया / प्रतिविम्ब	1	5		
4	मूल्यांकन	1	5		

(iv) (ए) छात्र को प्रत्येक व्यावसायिक सत्र में न्यूनतम तीन ऐच्छिक विषयों को उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा (किसी भी श्रेणी में) परन्तु तीसरे (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के लिए सभी नौ ऐच्छिक विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । यदि कोई छात्र ऐसा नहीं कर पाता है तो अगले उच्च व्यावसायिक सत्र में प्रवेश ले सकता है लेकिन पिछले व्यावसायिक सत्र के ऐच्छिक विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा अन्यथा पिछले व्यावसायिक सत्र के ऐच्छिक विषय में अंक प्रदान नहीं किये जायेगे ।

(बी) ऐच्छिक विषयों की पूर्ण सूची प्रत्येक व्यावसायिक सत्र के लिए तीन खंड में (ए, बी और सी) के तहत उपलब्ध कराई जाएगी, यानी पहले व्यावसायिक बी.एस.आर.एम. एस के लिए एफ ए, एफ बी और एफ सी खंड में ; द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस के लिए एस ए, एस बी और एस सी खंड में ; तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस के लिए टी ए टी बी और टी सी खंड – दिया जायेगा ।

(सी) छात्र अपने से संबंधित व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस पाठ्यक्रम के लिए निर्दिष्ट प्रत्येक खंड में से अपनी पसंद के अनुसार किसी एक विकल्प को चुन सकते हैं।

(डी) प्रत्येक ऐच्छिक विषय के लिए दो अंकों का भार प्रदान किया जायेगा , अधिकतम दस अंक दिए जाएंगे।

(ई) निर्देशित अधिनियम के अनुसार इन ऐच्छिक अंकों को संबंधित विषयों के मौखिक अंकों में जोड़ा जाएगा।

(एफ) प्रत्येक व्यावसायिक सत्र में छात्रों को प्रत्येक खंड तीन अनिवार्य ऐच्छिक के अलावा विषय के अतिरिक्त उनकी रुचि के अनुसार अधिक संख्या में विषयों को शामिल किया गया है ताकी वह स्वतंत्र रूप से विषयों का चयन कर सके । हर खंड में प्राप्त उच्चतम अंकों को संबंधित विषय में जोडा जाएगा एवं सभी विश्वविद्यालय तालिका 13, 15 में निर्दिष्ट तरीके से विषयों को शामिल करेगे ।

(जी) अंक भार प्रति व्यावसायिक सत्र में केवल तीन ऐच्छिक विषयों में ही मिलेगा यानी प्रत्येक खंड से केवल एक ही ऐच्छिक विषय लेना ।

(एच) प्रत्येक ऐच्छिक विषय में अर्जित प्रभार और प्राप्त श्रेणी का उल्लेख करते हुए प्रत्येक ऐच्छिक विषय का ऑनलाइन प्रमाण पत्र तैयार कर छात्र द्वारा डाउनलोड (अधोधारण) किया जाएगा।

(v) सोवा-रिग्पा महाविद्यालय या संस्थान की परीक्षा शाखा संस्थान के प्रमुख के माध्यम से प्राप्त छात्रों द्वारा प्राप्त ऐच्छिक के अंकों को संकलित करेगी और बाद में विश्वविद्यालय को जमा करेगी ताकि विश्वविद्यालय इसे संबंधित विषयों की मौखिक परीक्षा में जोड़ सके। जैसा कि तालिका 13, 15 और 17 में दिखाया गया है ।

(आई) (i) 65% से अधिक अंक प्राप्त करने वाला प्रथम श्रेणी 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को विशिष्टता से सम्मानित किया जाएगा ।

(ii) पूरक परीक्षाओं के माध्यम से उत्तीर्ण विद्यार्थीयो के लिए पुरस्कार का नियम लागू नहीं होगा।

(जे) (i) प्रत्येक छात्र को परीक्षा में बैठने के लिए प्रत्येक विषय में सैद्धांतिक रूप से न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य (अर्थात व्याख्यान के घंटे), और व्यावहारिक/नैदानिक (अर्थात, गैर-व्याख्यान घंटे) सभी में अलग-अलग।

(ii) जिन संस्थानो में भौतिक उपस्थिति पंजिका प्रयोग होता है, इसे अनुलग्नक- II के अनुसार संचयी पद्धति में दर्ज किया जाएगा और पाठ्यक्रम समाप्त होने के बाद, प्रत्येक छात्र के हस्ताक्षर प्राप्त कर इसे संबंधित प्रमुख द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक है फिर सोवा-रिग्पा कॉलेज / संस्थान के प्रमुख द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

(iii) स्वीकृत उपस्थिति विश्वविद्यालय को अग्रेषित की जाएगी।

(के) यदि कोई छात्र संज्ञानात्मक कारणों से नियमित परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पता है और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित किया जाता है, तो वह नियमित छात्र के रूप में पूरक परीक्षा में उपस्थित हो सकता है और इसकी सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी जाएगी परन्तु उसे नियमित परीक्षा से अनुपस्थिति नहीं माना जा सकता है ।

11. मूल्यांकन: - छात्रों का आकलन (रचनात्मक) और (योगात्मक) के रूप में आकलन निम्नानुसार होगा: -

(ए) रचनात्मक आकलन: - छात्रों को कक्षा में उनके प्रदर्शन का आकलन एवं मूल्यांकन का आधार पाठ्यक्रम सामग्री की समझ, सीखने के परिणाम आदि के माध्यम से किया जाएगा। निम्नलिखित तरीके से, यथा:-

(i) किसी विषय या शिक्षण के अंत में विशेष भाग पाठ्यक्रम के (मॉड्यूल) मापदंड के आधार पर आवधिक मूल्यांकन किया जाएगा एक विशेष भाग के शिक्षण के अंत में आवधिक मूल्यांकन किया जाएगा । तालिका के अनुसार मूल्यांकन हेतु निम्नलिखित विधियों को आवश्यकता अनुसार अपनाया जा सकता है, यथा:-

तालिका - 8

मूल्यांकन पद्धति एवं आवधिक मूल्यांकन

क्रमांक	मूल्यांकन विधि
1.	व्यावहारिक या नैदानिक प्रदर्शन
2.	मौखिक / बहुविकल्पीय प्रश्न (ऍम सी क्यू) /संशोधित दीर्घउत्तरीय प्रश्न/ संरचित प्रश्न (ऍम इ क्यू) / संरचित प्रश्न
3.	ओपन बुक टेस्ट (समस्या आधारित परीक्षा)
4.	सारांश लेखन (शोध पत्र)
5.	कक्षा प्रस्तुतिकरण
6.	कार्य पुस्तिका देख भाल
7.	समस्या आधारित निर्दिष्ट पत्र
8.	उदेश्य आधारित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) उदेश्य संरचित व्यावहारिक परीक्षा (ओएसपीई)लघु नैदानिक मूल्याकन अभ्यास (मिनी सी ई एक्स) प्रक्रियाओ का प्रत्यक्ष अवलोकन (डीओपी) केस आधारित चर्चा (सीबीडी)
9.	पाठ्येतर गतिविधियाँ (सामाजिक कार्य, जन जागरूकता, निगरानी गतिविधियाँ, खेल या अन्य गतिविधियाँ जो विभाग द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं)
10.	लघु परियोजना (व्यक्तिगत या सामूहिक)
11.	मौखिक परीक्षा आदि

(ii) (ए) प्रथम अवधि परीक्षा की परीक्षा का आयोजन कॉलेज या संस्थान द्वारा छह महीने के अंत में करेगा) जिसमे 30% तीस प्रतिशत के लिए आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा। अन्य पाठ्यक्रम की द्वितीय अवधि परीक्षा सत्र में जिसके लिए 40% अंक दिए जायेगे तथा शेष पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय परीक्षा पद्धति के अनुसार होगे ।

(बी) शेष 30% पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय परीक्षा से पहले पिछले 6 महीनों (तृतीय अवधि परीक्षा) में पूरा किया जाएगा;

(iii) प्रथम अवधि परीक्षा की परीक्षा से पूर्व प्रत्येक विषय के लिए न्यूनतम 3 आवधिक मूल्यांकन होंगे (सामान्यतः संबंधित बी.एस.आर.एम.एस. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छठवे माह में) द्वितीय अवधि परीक्षा की परीक्षा से पहले 3 आवधिक मूल्यांकन होंगे (सामान्यतः संबंधित बी.एस.आर.एम.एस. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के 12वें महीने में) न्यूनतम 3 आवधिक मूल्यांकन संबंधित बी.एस.आर.एम.एस. व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतिम परीक्षा विश्वविद्यालय परीक्षाओं (योगात्मक मूल्यांकन) से पहले ली जायेगी ।

(iv) मूल्याकन की योजना का निर्धारण (रचनात्मक और योगात्मक) की गणना निम्नलिखित तालिकाओं के अनुसार होगी, अर्थात्:-

तालिका - 9

मूल्याकन की योजना (रचनात्मक और योगात्मक)

कमांक	व्यावसायिक सत्र	व्यावसायिक सत्र की अवधि		
		पहला कार्य काल (1-6 माह)	दूसरा कार्य काल (7-12 माह)	तीसरा कार्य काल (13-18 माह)
1	प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस.	3 पी ए एवं प्रथम टी टी	3 पी ए एवं द्वितीय टी टी	3 पी ए एवं यू ई
2	द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस.	3 पी ए एवं प्रथम टी टी	3 पी ए एवं द्वितीय टी टी	3 पी ए एवं यू ई
3	तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस.	३ पी ए एवं प्रथम टी टी	३ पी ए एवं द्वितीय टी टी	३ पी ए एवं यू ई

पी ए – अवधिक मूल्यांकन, टी टी- सत्र परीक्षा, यू ई - विश्वविद्यालय परीक्षा

तालिका –10

आतंरिक मूल्यांकन अंकों की गणना पद्धति (अंक 20)

सत्र	**अवधिक मूल्यांकन**				**सत्र परीक्षा**	**सत्र मूल्याकन**	
	ए	**बी**	**सी**	**डी**	**ई**	**एफ**	**जी**
	1 (20)	2 (20)	3 (20)	औसत (ए +बी +सी/3 (20)	सैद्धांतिक (एमसीक्यू + एसएक्यू + एलएक्यू) और व्यावहारिक (20 में परिवर्तित)	उप- योग (40अंक)	सत्र मूल्यांकन (20 अंक)
प्रथम						डी +इ	डी +इ /2
द्वितीय						डी +इ	डी +इ /2
तृतीय					शून्य	डी	डी
अंतिम आतंरिक मूल्यांकन	**अंतिम आतंरिक मूल्यांकन : तीनो सत्र के मूल्यांकन हेतु औसत जी वर्ग में दिखाया गया है ।**						

तालिका –11

आंतरिक मूल्यांकन की गणना पद्धति (20 अंक) मौखिक एवं संकल्पना मानचित्रण परीक्षा

सत्र	**अवधिक मूल्यांकन**				**सत्र परीक्षा**	**सत्र मूल्याकन**	
	ए	**बी**	**सी**	**डी**	**इ**	**ऍफ़**	**जी**
	1 (20)	2 (20)	3 (20)	औसत (20) ए +बी +सी /३(20)	मौखिक परीक्षा (पाठन एवं अवधारणा आधारित चित्रण प्रदर्शन (जिसे 20 अंको में परिवर्तित)	उप -योग 40 अंक	सत्र मूल्यांकन (20 अंक)
प्रथम						डी +इ	डी +इ /2
द्वितीय						डी +इ	डी +इ /2
तृतीय					शून्य	डी	डी
अंतिम आतंरिक मूल्यांकन	**अंतिम आतंरिक** मूल्यांकन **: तीनो मूल्यांकन का औसत अंक(जी) स्तम्भ में अंकित है ।**						

(बी) योगात्मक (सम्पूर्ण) आकलन:- (i) प्रत्येक बी.एस.आर.एम.एस व्यावसायिक सत्र के अंत में विद्यार्थियों का अंतिम मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के आधार पर होगा ।

(ii) परीक्षा का मूल्यांकन दो स्तरीय प्रणाली से होगा और पुनर्मूल्यांकन की सुविधा नहीं होगी।

स्पस्टीकरण - 1. एक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दोहरे मूल्यांकन के बाद, यदि दोनों अंकों के बीच अंतर कुल या अधिकतम अंकों के 19 प्रतिशत तक है, तो दोनों अंकों के औसत को अंतिम प्राप्तांक माना जाएगा। भिन्नात्मक अंकों के मामले में, यदि यह 0.5 और उससे अधिक है तो उसे अगला उच्चतम अंक दे दिया जायेगा । और यदि अंतर 0.5 से कम है तो इसे निम्न पूर्ण अंकों के रूप में अंकित किया जायेगा ।

2. दो स्तरीय मूल्यांकन के बाद यदि दो स्वतंत्र अंकों के बीच का अंतर 20% अंकों से अधिक है, तो ऐसी उत्तर पुस्तिका को तीसरे परीक्षक के पास मूल्यांकन के लिए भेजा जाना चाहिए, लेकिन दो में से एक में 35% अंक से अधिक का अंतर होना चाहिए। एक तीसरा स्वतंत्र परीक्षक मूल्यांकन कर अंक प्रदान करेगा। तीनों मूल्यांकनों में से दो उच्चतम अंकों के औसत को

अंतिम अंक माना जायेगा। भिन्नात्मक अंकों के मामले में, यदि यह 0.5 और उससे अधिक है तो उसे अगला उच्चतम अंक दे दिया जायेगा। और यदि अंतर 0.5 से कम है तो इसे निम्न पूर्ण अंकों के रूप में अंकित किया जायेगा।

(iii) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं के प्रायोगिक या नैदानिक या मौखिक परीक्षाओं के लिए दो परीक्षक (एक आंतरिक और एक बाहरी) होंगे।

(iv) योगात्मक मूल्यांकन के परिणाम घोषित करते समय, आंतरिक मूल्यांकन घटक और ऐच्छिक अंकों की तालिका 13, 15 और 17 में दिए गए अंक वितरण प्रणाली के अनुसार माना जाएगा।

12. व्यावसायिक के अनुरूप विषय, प्रश्नपत्रों की संख्या, शिक्षण काल अवधि और अंकों का वितरण निम्नलिखित तालिकाओं के अनुसार होगा। यथा: -

तालिका –12

प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. पाठ्यक्रम (विषय)के लिए शिक्षण काल अवधि

प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. कार्य दिवस = 320, शिक्षण घंटे = 1920 अधिष्ठापन कार्यक्रम = 15 कार्य दिवस (90 घंटे) शेष दिवस एवं शिक्षणघंटे = 320-15 दिवस (305 कार्य दिवस / 1830 घंटे)					
क्रमांक	विषय का नाम		शिक्षण घंटों की संख्या		
			व्याख्यान	गैर-व्याख्यान	कुल
	विषय संकेतांक	समतुल्य सत्र			
1	एसआरयूजी - एल टी	सोरिग-लोगुय्स-दंग-शि-चई- तढूब (सोवा-रिग्पा के मौलिक सिद्धांत एवं इतिहास) प्रश्नपत्र -1 और प्रश्नपत्र - 2	80	100	180
2	एसआरयूजी - जी एल	डूपा-लूस (मानव शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञान) प्रश्नपत्र -1 और प्रश्नपत्र -2	90	190	280
3	एसआरयूजी - एन टी-I	थमल- नद- मेद (सोवा-रिग्पा निदान भाग -I)	90	180	270
4	एसआरयूजी-टी एन	थमल- नद- मेद (रोग प्रतिरोध और अनुशासन, मानव स्वास्थ एवं सोवा-रिग्पा योगिक विज्ञान)	90	180	270
5	एसआरयूजी - एॅम जेड I	स्मन-ज़स-I (भेषजगुण विज्ञान) भाग-I	90	180	270
6	एसआरयूजी-के वाई	स्कद-यिग (भोटी)	90	180	270
7	एसआरयूजी-के टी	सो-चेत- चिरिग (सोवा-रिग्पा ज्योतिष चिकित्सा विज्ञान)	80	160	240
8	--	च-ग्युद-यंग-ना-शेद-ग्युद-डोंग-डेम्स (प्रतिचित्रण संप्रत्य-I या II)	--	50	50
9	--	लो- ग्युक्स (मौखिक परीक्षा)	--	--	--
पूर्ण योग			610	1220	1830

तालिका– 13

प्रथम व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. विषयों के लिए प्रश्नपत्रों और अंकों का वितरण

क्रमांक	विषय	प्रश्न पत्र	सैद्धांतिक	व्यावहारिक एवं चिकित्सकीय मूल्यांकन					सम्पूर्ण योग
				व्यावहारिक एवं नैदानिक	मौखिक	ऐच्छिक	आतंरिक मूल्यांकन	योग	
1.	*सोरिग-लोगुय्स-दंग-शि-चई- तढूब* (सोवा-रिग्पा के मौलिक सिद्धांत एवं इतिहास) प्रश्नपत्र-1 और प्रश्नपत्र -2	2	200	-	30	-	20	50	250
2.	*डूपा-लूस* (मानव (शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञान) प्रश्नपत्र -1 और प्रश्नपत्र -2	2	200	100	20	10 संग्रह एॅफ़ ए *	20	150	350
3.	*थमल- नद- मेद* (सोवा-रिग्पा निदान) भाग -I	1	100	100	20	10 (संग्रह एॅफ़ बी) *	20	150	250
4.	*थमल- नद- मेद* (रोग प्रतिरोध और अनुशासन, मानव स्वास्थ एवं सोवा-रिग्पा योगिक विज्ञान)	1	100	-	30	-	20	50	150
5.	*स्मन-ज़स*-I (भैषज्यगुण विज्ञान)भाग -I	1	100	100	20	10 संग्रह एॅफ़ सी	20	150	250
6.	*स्कद-यिग* (भोटी)	1	100	-	30	-	20	50	150
7.	*सो-चेत- चिरिग* (सोवा-रिग्पा ज्योतिष चिकित्सा विज्ञान)	1	100	-	30	-	20	50	150
8	*लो- ग्युक्स* (मौखिक परीक्षा)	-	-	-	80	-	20	100	100
9	*च-ग्युद-यंग-ना-शेद-ग्युद-डोंग-डेम्स* (प्रतिचित्रण संप्रत्य-I या II	-	-	-	80	-	20	100	100
सम्पूर्ण योग									**1750**

[* संग्रह – एॅफ़ ए, एॅफ़ बी, एॅफ़ सी - प्रथम बी.एस.आर.एम.एस. व्यावसायिक के लिए]

तालिका – 14

द्वितीय बी.एस.आर.एम.एस. व्यावसायिक के लिए विषय सहित शिक्षण अवधि

द्वितीय बी.एस.आर.एम.एस. कार्य दिवस = 320 दिन , शिक्षण अवधि = 2240 घंटे 320 घंटे चिकित्सकीय अवधि के साथ					
क्रमांक	**विषय नाम**		**अध्यापन घंटे एवं संख्या**		
	विषय संकेतक	**समतुल्य सत्र**	**व्याख्यान**	**गैर व्याख्यान**	**योग**
1	एसआरयूजी -एँम जेड -II	स्मन-ज़स -II (भेषजगुण विज्ञान भाग -II)	100	200	300
2	एसआरयूजी -एँम बी	शि-जेद- स्मन -जर-थब्स (सोवा-रिग्पा औषधविज्ञान एवं निर्माण विद्या)	100	200	300
3	एसआरयूजी -एन टी -II	डो-सुंग–तग -II (सोवा-रिग्पा निदान भाग II)	100	150	250
4	एसआरयूजी -एस टी	सो-झेद-थब्स (सोवा रिग्पा चिकित्सकीय सिद्धान्त) प्रश्नपत्र - 1 प्रश्नपत्र -2	120	150	270
5	एसआरयूजी -टी पी	छद-पा-सोवा (ज्वर एवं संक्रामक रोगों का प्रबंधन) प्रश्न पत्र -1, 2	100	150	250
6	एसआरयूजी -एल डी	लुस-स्तोत -दंग- दोंन- स्रोत-सोवा (सिर, गर्दन, वक्ष और उदर विकारों का प्रबंधन)	120	150	270
7	एसआरयूजी -टीएस	थोर-नद-दंग-संग-नेद-सोवा (अवर्गीकृत रोग समूहो एवं प्रजनन स्वास्थ्य समस्यों का प्रबंधन) प्रश्न पत्र -1, 2	100	130	230
8	-	लो-ग्युक्स (मौखिक परीक्षा)	-	-	-
9	-	मन- ग्ग- ग्युद- डोंगडेम्स (अवधारणा का प्रतिचित्रण-III)	-	50	50
10	नैदानिक अवधि (प्रति दिन 1 घंटा) अस्पताल / औषधालय / प्रयोगशाला,		-	320	320
कुल योग			**740**	**1500**	**2240**

(विशेष: - उपस्थिति की गणना करते समय गैर-व्याख्यान वाले अवधि में संबंधित विषय के नैदानिक घंटे में जोड़े जाएंगे ।)

तालिका – 15

द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.आर.एम.एस. हेतु विषयवार प्रश्न पत्रों की संख्या और अंक वितरण

क्रमांक	**विषय**	**प्रश्न पत्र**	**सैद्धांतिक**	**प्रायोगिक या चिकित्सकीय (मूल्यांकन)**					**संपूर्ण योग**
				व्यावहारिक एवं नैदानिक	**मौखिक**	**ऐच्छिक**	**आईए**	**योग**	
1.	*स्मन-ज़स* -II (भेषजगुण विज्ञान भाग -II)	1	100	100	20	10 (संग्रह-एसए) *	20	150	250
2.	*शि-जेद-स्मन-जर-थब्स* सोवा-रिग्पा औषध विज्ञान एवं निर्माण विद्या)	1	100	100	30	-	20	150	250

3.	*ङो-सुंग–तग-* II (सोवा-रिग्पा निदान भाग-II)	1	100	100	30	-	20	150	250
4.	*सो-ज्ञेद-थब्स* (सोवा-रिग्पा चिकित्सकीय सिद्धान्त) प्रश्नपत्र-1 प्रश्नपत्र-2	2	200	100	30	-	20	150	350
5.	*छ्रद-पा-सोवा* (ज्वर एवं संक्रामक रोगों का प्रबंधन) प्रश्न पत्र-1, 2	2	200	100	20	10 संग्रह -एस बी)*	20	150	350
6.	*लुस-स्तोत -दंग-दोंन- स्रोत-सोवा* (सिर, गर्दन, वक्ष और उदर विकारों का प्रबंधन)	1	100	100	30	-	20	150	250
7.	*थोर-नद-दंग-संग-नेद-सोवा* (अवर्गीकृत रोग समूहो एवं प्रजनन स्वास्थ्य समस्यों का प्रबंधन) प्रश्न पत्र -1, 2	2	200	100	20	10 (संग्रह -एस सी) *	20	150	350
8	*लो-ग्युक्स* (मौखिक मौखिक परीक्षा)	-	-	-	80	-	20	100	100
9	*मन- ग्ग- ग्युद-डोंगडेम्स* (अवधारणा का प्रतिचित्रण -III)	-	-	-	80	-	20	100	100
सम्पूर्ण योग									**2250**

[* संग्रह: - बी.एस.आर.एम. एस द्वितीय व्यावसायिक के लिए ऐच्छिक विषय संग्रह]

तालिका – 16

तृतीय (अंतिम) बी.एस.आर.एम.एस व्यावसायिक विषयों के लिए शिक्षण अवधि

ततीय (अंतिम) बी.एस.आर.एम.एस *कार्य दिवस = 320, अध्यापन घंटे = 2240 (960) नैदानिक घंटे सहित*					
क्रमांक	**विषय नाम**		**शिक्षण घंटे एवं संख्या**		
			व्याख्यान	**गैर व्याख्यान**	**योग**
	विषय संकेतक	**समतुल्य सत्र**			
1	एसआरयूजी -एम एस	*मा -सोवा* (आपातकालीन आतंरिक बाह्य घावों का चिकित्सकीय का प्रबंधन) प्रश्न पत्र-1 और प्रश्न पत्र -2	140	90	230
2	एसआरयूजी -डी सी	चय्द-की-चोस-थब्स (शल्य एवं बाह्य चिकित्सा) प्रश्न पत्र -1 और प्रश्न पत्र -2	120	70	190

3	एसआरयूजी -एल एन	*जोङ- झेद-लेस-ङ* (पश्च चिकित्सकीय प्रक्रियाये)	80	70	150
4	एसआरयूजी - बी एस	*झी-नद-सोवा* (बाल रोग एवं नवजात देख भाल)	80	70	150
5	एसआरयूजी -एम ओं	*मो-नद-सोवा* (प्रसूति एवं स्त्री रोग)	80	70	150
6	एसआरयूजी - डी ओं	*धोंन–नद-सोवा* (चिकित्सा मनोविज्ञान एवं मनश्चिकित्सा)	100	60	160
7	एसआरयूजी -डी एन	*धुग-नद-सोवा* (चिकित्सा न्याय शास्त्र एवं नैदानिक विष विज्ञान)	80	40	120
8	एसआरयूजी -जेड डी	*शिब-जुग-थब्स-लम्ब-दंग-दूरचिस* (शोध विधि एवं चिकित्सा सांखिकीय)	60	40	100
9	-	*लो-ग्युक्स (मौखिक* परीक्षा)	-	-	-
10	-	*छिमा-ग्युद-डोंग-डेम्स* (अवधारणा प्रतिचित्रण-4)	-	30	30
11	-	नैदानिक घंटे/प्रशिक्षण	-	960	960
योग			**740**	**1500**	**2240**

(विशेष: - उपस्थिति की गणना करते समय गैर-व्याख्यान वाले अवधि में संबंधित विषय के नैदानिक घंटे में जोड़े जाएंगे ।)

तालिका – 17

तृतीय व्यावसायिक (अंतिम) बी.एस.आर.एम.एस. हेतु विषयवार प्रश्न पत्रों की संख्या और अंक वितरण

क्रमांक	**विषय**	**प्रश्न पत्र**	**सैद्धांतिक**	**व्यावहारिक या नैदानिक मूल्याकन**					**सम्पूर्ण योग**
				व्यावहारिक या नैदानिक	**मौखिक**	**ऐच्छिक**	**आंतरिक मूल्यांकन**	**योग**	
1.	मा-सोवा (आपातकालीन आतंरिक बाह्य घावों का चिकित्सकीय का प्रबंधन) प्रश्न पत्र-1 और प्रश्न पत्र-2	2	200	100	20	10 (संग्रह - टी ए) *	20	150	350
2.	चय्द-की-चोस-थब्स (शल्य एवं बाह्य चिकित्सा) प्रश्न पत्र-1 और प्रश्न पत्र -2)	2	200	100	20	10 (संग्रह - टी बी) *	20	150	350
3.	जोङ- झेद-लेस-ङ (पश्च चिकित्सकीय प्रक्रियाये)	1	100	100	30	-	20	150	250
4.	झी-नद-सोवा (बाल रोग एवं नवजात देख भाल)	1	100	100	30	-	20	150	250

5.	मो-नद-सोवा (प्रसूति एवं स्त्री रोग)	1	100	100	30	-	20	150	250
6.	धोंन–नद-सोवा (चिकित्सा मनोविज्ञान एवं मनश्चिकित्सा)	1	100	100	20	10 (संग्रह - टी सी) *	20	150	250
7.	धुग-नद-सोवा (चिकित्सा न्याय शास्त्र एवं नैदानिक विष विज्ञान)	1	100	100	30	-	20	150	250
8.	शिब-जुग-थब्स-लम्ब- दंग - दूरचिस (शोध विधि एवं चिकित्सा सांख्किीय)	1	100	-	30	-	20	50	150
9.	लो-ग्युक्स (मौखिक परीक्षा)	-	-	-	80	-	20	100	100
10.	छिमा- ग्युद- डोंग-डेम्स (अवधारणा प्रतिचित्रण -4)	-	-	-	80	-	20	100	100
सम्पूर्ण योग									**2300**

13. छात्रों का अध्ययन के मध्य स्थान्तरण: - (1) छात्रों को प्रथम व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दूसरे कॉलेज में अपना अध्ययन जारी रखने के लिए प्रवास लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन असफल छात्र के स्थानांतरण और मध्यावधि प्रवास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) प्रवास के लिए, छात्र को कॉलेज और विश्वविद्यालय दोनों की पारंपरिक सहमति प्राप्त करनी होगी और यह रिक्त सीट की सुनिश्चितता के पश्चात् होगा।

14. अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम- (ए) (i) प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि एक वर्ष की होगी जो सामान्य रूप से नियमित समूह के छात्रों के लिए अप्रैल के पहले कार्य दिवस और पूरक बैच के छात्रों के लिए अक्टूबर के पहले कार्य दिवस पर शुरू होगी

(ii) अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश में शामिल होने के लिए छात्र को प्रथम से अंतिम व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषयों को उत्तीर्ण होने के बाद और उन्हें सम्बंधित विश्वविद्यालयों से अनंतिम योग्यता प्रमाण पत्र, संबंधित राज्य के परिषद से अंतरिम पंजीकरण प्रमाण पत्र आवश्यक है ।

(बी) वृतिका: - प्रशिक्षण कार्यक्रम के समय, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश की संस्था से संबंधित प्रशिक्षुओं को संबंधित सरकार के तहत अन्य चिकित्सा प्रणाली के सामान वृतिका मिलेगी ताकी अन्य चिकित्सा प्रणालियों के बीच कोई विसंगति न होने पाए।

(सी) विशिखानुप्रवेश के दौरान स्थानांतरण :- (i) विशिखानुप्रवेश कॉलेज और विश्वविद्यालय दोनों की सहमति से होगा, उस मामले में जहाँ स्थानांतरण दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कॉलेजों के बीच होता है;

(ii) यदि प्रवासन केवल एक ही विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के मध्य होता है, तो दोनों महाविद्यालयों की सहमति आवश्यक है ।

(iii) प्रवासन हेतु महाविद्यालय या संस्थान द्वारा जारी किये गए चरित्र प्रमाण पत्र या "अनापत्ति प्रमाण पत्र दोनों ही समान रूप से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्वीकार किया जायेगा ।

(डी) अनुकूलन कार्यक्रम: - (i) शिक्षण संस्थानों की यह जिम्मेदारी होगी कि प्रशिक्षुओं को अनिवार्य रूप से अनुकूलन या अभिविन्यास कार्यक्रम अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश के पूर्व ही आयोजित करे ।

(ii) अनुकूलन कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूर्व चिकित्सक छात्र चिकित्सा सेवा के विभिन्न पहलुओं अर्थात्, चिकित्सा में नैतिकता, चिकित्सा- सम्बन्धी कानून, चिकित्सा अभिलेखों, चिकित्सा बीमा, चिकित्सा प्रमाण पत्र, सम्प्रेषण कौशल, आचरण के नियम, शिष्टाचार, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो बारे में आवश्यक ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है ।

(iii) प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले अनुकूलन कार्यक्रम की एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमे प्रत्येक छात्र को एक कार्यपंजिका रखना होगा जिसमे प्रत्येक तिथि या दिन के अनुसार गतिविधियों का विवरण लिखना आवश्यक होगा।

(iv) अनुकूलन कार्यशाला की अवधि सात दिनों की होगी जो एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा होगा ।

(v) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा अनुकूलन कार्यशाला हेतु समय -समय पर एक नियम पुस्तिका निर्धारित करेगी जिसका अनुपालन करना अनिवार्य होगा ।

(इ) विशिखानुप्रवेश के दौरान की गतिविधियां: - (i) प्रशिक्षण अवधि में दैनिक कार्य काल कम से कम 8 घंटे होगे, और इस से कम नहीं होंगे; प्रशिक्षण के दौरान सभी छात्रों को कार्यपंजिका में अपनी गतिविधियों को लिखना होगा ।

(ii) सामान्यतः एक वर्ष की विशिखानुप्रवेश अवधि निम्नानुसार होगी-

(ए) विकल्प I.- प्रशिक्षण अवधि दो भागो में विभाजित होगा पहले सोवा-रिग्पा संस्थान से सम्बद्ध अस्पताल में 6 महीने तथा दूसरे 6 महीने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी) या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी) या ग्रामीण अस्पताल या जिला अस्पताल या सिविल (सामाजिक) अस्पताल या आधुनिक चिकित्सा का कोई सरकारी अस्पताल या सरकारी सोवा-रिग्पा औषधालय के नैदानिक प्रशिक्षण में विभाजित या आधुनिक चिकित्सा का कोई सरकारी अस्पताल या सरकारी सोवा-रिग्पा औषधालय/अस्पताल या अन्य सोवा-रिग्पा संस्थान या से जुड़े चिकित्सालय ।

(बी) विकल्प II: - सभी बारह महीने महाविद्यालय से जुड़े सोवा-रिग्पा अस्पताल में।

(iii) 6 या 12 महीने का नैदानिक प्रशिक्षण, कार्यक्रम के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने महाविद्यालय से जुड़े सोवा-रिग्पा अस्पताल में या निर्धारित गैर-शिक्षण अस्पतालों में निम्नलिखित तालिका अनुसार आयोजित किया जाएगा अर्थात्:-

तालिका – 18

महाविद्यालय युक्त सोवा-रिग्पा शिक्षण अस्पताल में विशिखानुप्रवेश अवधि का वितरण

क्रमांक	विभाग	विकल्प I	विकल्प II
1.	लूस-नद (सामन्य औषधि चिकित्सा)	पैतालीस दिन	तीन माह
2.	चय्द-जोङ (बाह्य एवं शल्य चिकित्सा)	पैतालीस दिन	तीन माह
3.	झी-नद- दंग- मो-नद (बाल एवं स्त्री रोग)	पैतालीस दिन	तीन माह
4.	धोंन–नद-दंग-धुग-नद (नैदानिक मनोविज्ञान एवं विष चिकित्सा विज्ञान)	पैतालीस दिन	तीन माह
5.	अधिनियम 14 के उप-नियम (ई) के खंड (ii) में उल्लिखित पी.एच.सी, सी.एच.सी, जिला अस्पताल, आदि	छ माह	--

(iv) (ए) प्रशिक्षुओं को निम्नलिखित में से किसी भी पर केंद्र में तैनात किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, और ये नियुक्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के किर्यान्वयन के संबंध में उन्मुख और ज्ञान प्राप्त करने के लिए होगी।

(ए) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र;

(बी) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जनता अस्पताल या जिला अस्पताल;

(सी) आधुनिक चिकित्सा के किसी भी मान्यता प्राप्त या अनुमोदित अस्पताल;

(डी) कोई मान्यता प्राप्त या अनुमोदित सोवा-रिग्पा अस्पताल या औषधालय;

(ई) सोवा-रिग्पा के राष्ट्रीय संस्थान की एक नैदानिक इकाई में;

(बी) उपरोक्त सभी संस्थानों को खंड (ए) से (ई) में इस तरह का प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा नामित या प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

(v) प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल में संबंधित विभाग में निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन करेगा, यथा : -

(ए) सोवा-रिग्पा पद्धति द्वारा नाड़ी विश्लेषण, मूत्रालय, मल परीक्षण, प्रयोगशाला परीक्षण, मरीज का परीक्षण, नैदानिक जांच, निदान और सामान्य रोगों के प्रबंधन में प्रशिक्षण ।

(बी) आहार- व्यवहार प्रबंधन, दैनिक दिनचर्या में संतुलन जैसी उपचार विधियों के साथ दीर्घकालिक परीक्षण के माध्यम से रोगी का व्यक्तिगत स्तर पर व्यक्तिगत उपचार;

(सी) शिशुओं के कानों पर रक्त नलिकायो की जांच, बच्चों के मूत्र का विश्लेषण, उल्टी का विश्लेषण कर आहार एवं दवा के माध्यम से बाल रोग का निदान तथा उपचार;

(डी) नाड़ी, मूत्र परीक्षण, रोगी को देखकर पूछताछ, और रोगी के स्त्री के शरीर का परीक्षण कर स्त्री रोग संबंधी विकारों का निदान एवं उपचार ;

(ई) शल्य उपचार का प्रशिक्षण जैसे- स्वर्ण सुई चिकित्सा, ताम्र चषकन (चिपकाना) के माध्यम से उपचार, त्वचा प्रतिअड़चन (मोक्साबस्टन) का उपयोग, रक्त मोक्षण चिकित्सा, औषधीय स्नान , मालिश चिकित्सा और वसंत जल चिकित्सा;

(एफ) कुछ अन्य बीमारियों का प्रबंधन जैसे कि मामूली टूट-फूट और आंतरिक और बाहरी घाव से शरीर में अव्यवस्था आदि का प्रबंधन,

(जी) क्रमवार पांच चिकित्सीय प्रक्रियाओं के वास्तविक अनुप्रयोग में प्रशिक्षण

(i) तेल चिकित्सा का वास्तविक अनुप्रयोग रोगी और विकार की प्रकृति के अनुसार विभिन्न प्रकार के तेल के तैयार करना।

(ii) रोगी को उल्टी, शुद्धिकरण करने हेतु विरेचक आदि का प्रयोग करने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था करना ।

(iii) नास्य चिकित्सा के लिए नाक का अन्य अंगो के साथ संयोजन को समझना तथा उसके अनुप्रयोग हेतु प्रशिक्षण देना ।

(iv) गुद्वस्ति के लिए विभिन्न प्रकार के योग होते है किस समस्या हेतु कौन से गुद्वस्ति योग का प्रयोग किस आधार पर कैसे लगाया जाने से लाभ होगा इसका एनीमा लगाया जाना चाहिए प्रशिक्षण देना ।

(v) आतंरिक शरीर की सफाई चिकित्सा हेतु किस मार्ग का प्रयोग उपयुक्त होगा इसके लिए मौसम, स्थान आदि को ध्यान में रखकर प्रयोग करने का प्रशिक्षण ।

(vi) प्रशिक्षु अपने नियमित कार्यो के अलावा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम पूरा करेगा ।

